# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक 699-701/10 /एके0/MSU/2023–24 दिनांकः 31.07.2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषयः प्रदेश के राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों/संस्थानों की केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सामाजिक क्षेत्र में क्रियान्वित विभाग व लाभार्थीपरक मूल्यांकन कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–1083/सत्तर–1–2023, दिनांक : 24 जुलाई, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासपरक योजनाओं/कार्यक्रमों का सामाजिक व आर्थिक स्तर पर पड़े प्रभाव का मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के सीमित संसाधानों के दृष्टिगत प्रदेश में संचालित केन्द्र/राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के मूल्यांकन कार्यों में गति देने हेतु आपके विभाग के अधीन प्रदेश में स्थित विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा विशेष क्षेत्रों यथा–शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, कृषि, उद्योग, समाज कल्याण आदि में किये जा रहे शोध कार्यों/अध्ययनों के मद्देनजर मूल्यांकन कार्यों में इच्छुक विश्वविद्यालयों/संस्थानों से सहभागिता सुनिश्चित किये जाने अपेक्षा की गई है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रदेश में क्रियान्वित विकास एवं लाभार्थीपरक कार्यक्रमों/योजनाओं के सेक्टरवार मूल्यांकन/शोध कार्य के रूप में स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान करने वाले संस्थान अपनी सहमति दिनांक : 05.08.2023 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन।
02. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

संख्या– 1083 /सत्तर–1–2023

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

Registrar
Pl. circulate

उच्च शिक्षा अनुभाग–1

लखनऊः दिनांकः 24 जुलाई, 2023

**विषयः– प्रदेश के राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों/संस्थानों की केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सामाजिक क्षेत्र में क्रियान्वित विभाग व लाभार्थीपरक मूल्यांकन कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया पत्र के साथ संलग्न विशेष सचिव/निदेशक, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–275/चार–1260 टी0सी0/मू0प्र0 दिनांक 27–06–2023 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा प्रदेश के राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों/संस्थानों की केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सामाजिक क्षेत्र में क्रियान्वित विभाग व लाभार्थीपरक मूल्यांकन कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में कृपया नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त**

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

संख्या– 1083 (1)/सत्तर–1–2023–तद्दिनांक

प्रतिलिपि– निजी सचिव, विशेष सचिव/निदेशक, नियोजन विभाग को उनके पत्र संख्या–275/चार–1260 टी0सी0/मू0प्र0 दिनांक 27–06–2023 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

आज्ञा से,

(एस0पी0 मिश्र)
उप सचिव।

General G.O. S

275/IV-1260 T.C/[illegible]

अमित सिंह बंसल
(आई0ए0एस)
विशेष सचिव/निदेशक

अ0शा0प0स0: / /मू0प्र0

मूल्यांकन प्रभाग,
राज्य नियोजन संस्थान,
नियोजन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन

प्रमुख सचिव कार्यालय में
प्राप्त दिनांक 4/7/23

संख्या 938 /VIPPSHED/2023 दिनॉक: 27 जून, 2023

महोदय,

प्रमुख सचिव कार्यालय में
प्राप्त दिनांक 4/7/23

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 04 फरवरी 2023 को आयोजित उच्च शिक्षा कॉनक्लेव में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा अपेक्षा की गयी थी कि प्रदेश के राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों/संस्थानों की भी केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा आर्थिक-सामाजिक क्षेत्र में क्रियान्वित विकास व लाभार्थीपरक योजनाओं के मूल्यांकन कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए।

उक्त के सम्बन्ध में नियोजन विभाग के अ0शा0प0सं0: **60/VI-1260** टी0सी0, दिनॉक 26 अप्रैल, **2023** (प्रति संलग्न) द्वारा अनुरोध किया गया था कि आपके विभाग के अंतर्गत प्रदेश में संचालित विश्वविद्यालयों व संस्थानों को प्रदेश में क्रियान्वित विकास एवं लाभार्थीपरक कार्यक्रमों/योजनाओं के सेक्टवार मूल्यांकन/शोध कार्य के रूप में स्वैछिक सेवाएँ प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय/संस्थानों की सहमति प्राप्त करने हेतु विभाग स्तर से पत्र प्रेषित किया जाए, ताकि प्रदेश में संचालित विकासपरक परियोजना/कार्यक्रमों के मूल्यांकन कार्यों में उनका योगदान प्राप्त किया जा सके। उक्त सूचना नियोजन विभाग को अभी तक अप्राप्त है।

इस परिप्रेक्ष्य में मुझे आपसे पुन: अनुरोध करने की अपेक्षा की गई है कि उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने एवं वॉछित सूचना नियोजन विभाग (मूल्यांकन प्रभाग) को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक उपरोक्तानुसार।

सादर,

भवदीय

27/06/23
(अमित सिंह बंसल)

श्री एम0पी0 अग्रवाल,
**प्रमुख सचिव,**
उच्च शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

319/VS(I)/23
DS(SPM)

05-7-23

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

मुख्य सचिव
06/7/2023

अ.शा.प.सं. 60/VI-1260 टी०सी०


ोक कुमार
प्रमुख सचिव

**उत्तर प्रदेश शासन**
नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,
कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग
209, योजना भवन, लखनऊ
दूरभाष : 0522–2238467 / 2238973
E-mail: psecplan@nic.in


दिनांक 24 अप्रैल, 2023

आदरणीय महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 04 फरवरी,2023 को आयोजित उच्च शिक्षा कॉनक्लेव में मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा अपेक्षा की गयी है कि प्रदेश के राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों व संस्थानों की भी केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा आर्थिक-सामाजिक क्षेत्र में क्रियान्वित विकास व लाभार्थीपरक योजनाओं के मूल्यांकन कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए।

अवगत ही हैं कि मूल्यांकन प्रभाग, नियोजन विभाग,उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासपरक योजनाओं/कार्यक्रमों का सामाजिक व आर्थिक स्तर पर पड़े प्रभाव का मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के सीमित संसाधनों के दृष्टिगत प्रदेश में संचालित केन्द्र/राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के मूल्यांकन कार्यों में गति देने हेतु आपके विभाग के अधीन प्रदेश में स्थित विश्वविद्यालयों व संस्थानों द्वारा विशेष क्षेत्रों यथा-शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, कृषि, उद्योग, समाज कल्याण आदि में किए जा रहे शोध कार्यो/अध्ययनों के मद्देनजर मूल्यांकन कार्यो में सहभागिता देने के इच्छुक विश्वविद्यालयों/संस्थानों को आवश्यकतानुसार सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि कृपया आपके विभाग के अंतर्गत प्रदेश में संचालित विश्वविद्यालयों व संस्थानों को प्रदेश में क्रियान्वित विकास एवं लाभार्थीपरक कार्यक्रमों/योजनाओं के सेक्टरवार मूल्यांकन/शोध कार्य के रूप में स्वैच्छिक सेवाएँ प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय/संस्थानों की सहमति प्राप्त करने हेतु अपने स्तर से पत्र प्रेषित करने का कष्ट करें, ताकि प्रदेश में संचालित विकासपरक परियोजना/कार्यक्रमों के मूल्यांकन कार्यों में योगदान प्राप्त किया जा सके।

सादर

भवदीय

(आलोक कुमार)

**श्री सुधीर महादेव बोबड़े,**
**अपर मुख्य सचिव,**
उच्च शिक्षा विभाग,
उ०प्र० शासन।